
@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Thursday, 06 November 2025

PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020| Vol 1 | Issue No.- 61| Pages 04 | ₹3.00



# 25 Lakh Diyas Illuminate Kashi on Dev Deepawali


FAIR REPORT

**Varanasi** | On the occasion of Kartik Purnima, Dev Deepawali was celebrated with grandeur in Kashi on Wednesday evening. Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath lit the first diya at Namo Ghat, marking the beginning of the festival. Following this, devotees lit around 25 lakh earthen lamps across the ghats of the Ganga, along 84 ghats and 700 monasteries and temples. Of the total diyas, 15 lakh were arranged by the Tourism Department, while 10 lakh were contributed by local committees and residents of Kashi. Last year, 20 lakh lamps were lit.

A dazzling laser show and green firecrackers lit up the sky, adding charm to the celebrations. The chants of 'Har Har Mahadev' echoed across the ghats as the laser show enhanced the beauty of the festival. This year, the Dev Deepawali celebration at Dashashwamedh Ghat was themed "Operation Sindoor." CM Yogi enjoyed the entire event from a cruise on the Ganga. Prime Minister Narendra Modi extended his greetings for Dev Deepawali and also watched the festival online.

Tourism Minister Jaiveer Singh, Minister of State Ravindra Jaiswal, MLA Dr. Neelkanth Tiwari, District Panchayat Chairperson Poonam Maurya and Mayor Ashok Tiwari also lit diyas and paid tribute to Mother Ganga. The Chief Minister greeted the public and visiting tourists by waving towards the crowd.

## Russia Prepares for Nuclear Tests Amid Tensions



**Moscow:** Russia's Defense Minister Andrei Belousov has reportedly suggested to President Vladimir Putin that preparations begin immediately for potential nuclear weapons testing at the Novaya Zemlya archipelago in the Arctic. The proposal marks one of the most direct indications yet that Moscow could move to resume nuclear testing, a practice suspended globally for decades under the Comprehensive Nuclear-Test-Ban Treaty (CTBT).

According to Kremlin sources cited by state media, Belousov briefed Putin on readiness measures and testing capabilities at the Novaya Zemlya site — the same remote region where the Soviet Union conducted hundreds of nuclear tests during the Cold War. President Putin, while not confirming any imminent tests, warned that Russia would take "appropriate measures" if the United States or other CTBT signatories proceed with their own nuclear experiments. "If others begin to test, we will not stand aside. Russia will respond accordingly," Putin said, underscoring the Kremlin's stance that Moscow's nuclear deterrence must remain "credible and operational under any circumstance."

## Vasundhara Raje in Anta: "Link Every Chain — Elect Morpal Suman"

### Former Chief Minister urges unity, loyalty, and local pride in BJP ranks

FAIR REPORT





**Anta:** Former Chief Minister Vasundhara Raje on Wednesday transformed a routine BJP workers' meeting in Anta into a forceful appeal for unity and local representation. Addressing the Dehat Mandal cadre, Raje called on voters to "link every chain" by electing Morpal Suman, describing him as Anta's "own son" and the only true local candidate.

"The people of Anta chose the BJP for five years in 2023. Three years of our mandate still remain," she said. "Whatever promises we make, we will fulfill them in the remaining term. Anta's faith in us will not be broken."

Raje drew a sharp distinction between Morpal and other contenders, asserting that while others come from outside the constituency, Morpal represents the soil and sentiment of Anta. "When the BJP governs in Delhi under Narendra Modi and in Jaipur under Bhajan Lal Sharma, the link must not break at the local level," she declared. "Strengthen the chain — vote for Morpal Suman."

Framing the contest as a clash between privilege and grassroots struggle, Raje said the election was a fight between "the rich and the poor, the powerful and the farmer." She appealed to voters to stand with the honest and hardworking. "Morpal is sincere, service-oriented, and clean in public life," she said. "Development must be in the hands of those who understand local pain."

Raje's speech combined emotion with strategy, reminding party workers that stability and continuity depend on discipline at every level. The event also saw the presence of Member of Parliament Dushyant Singh, who echoed her message of unity and loyalty. As the meeting concluded with chants of "Bharat Mata ki Jai", Raje's words left a resonant message — that Anta's political strength lies in its people, and in their ability to keep every link of the BJP's chain unbroken.

## Maharashtra Becomes First Indian State to Partner with Elon Musk's Starlink




### Maharashtra inks landmark pact for satellite-based internet connectivity

FAIR REPORT

**Mumbai:** In a historic step toward bridging the digital divide, Maharashtra has become the first Indian state to sign a Letter of Intent (LOI) with Elon Musk's Starlink Satellite Communications Pvt. Ltd. to provide satellite-based internet services across remote and underserved regions. The agreement was formalized in Mumbai during a meeting between Starlink Vice President Lauren Dreyer and state officials. The partnership aims to bring high-speed internet connectivity to government institutions, rural communities, and critical public infrastructure in districts like Gadchiroli, Nandurbar, Dharashiv, and Washim. Officials said the collaboration will strengthen Maharashtra's Digital Maharashtra Mission and align with the state's EV, coastal development, and disaster resilience programs. With this initiative, Maharashtra positions itself at the forefront of India's satellite-enabled digital revolution, reinforcing Prime Minister Narendra Modi's Digital India vision from the grassroots up.

## CM Bhajanlal Pays Tribute on Guru Nanak Dev Ji's 556th Prakash Parv

### Seeks peace and prosperity for Rajasthan, partakes in langar with devotees at Mansarovar Gurudwara

FAIR REPORT

**Jaipur:** Chief Minister Bhajanlal Sharma on Wednesday joined devotees at the Mansarovar Gurudwara to mark the 556th Prakash Parv of Sri Guru Nanak Dev Ji, the founder of Sikhism and apostle of universal brotherhood.

The Chief Minister bowed his head before the holy Guru Granth Sahib and prayed for the peace, prosperity, and welfare of the people of Rajasthan. He lauded Guru Nanak Dev Ji's teachings of humility, compassion, and equality, calling them timeless guides for humanity in an age of division and material pursuit.

"Guru Nanak Dev Ji's message of service and oneness continues to illuminate the world. His life reminds us that true power lies not in possession but in compassion," Sharma said while addressing the congregation. Following the prayer, the Chief Minister joined the devotees in the community langar (holy meal), serving food to the sangat and partaking in the meal himself — a gesture symbolizing humility and equality among all. The Gurudwara was adorned with lights and floral decorations as hymns filled the air, creating an atmosphere of spiritual fervour and devotion.



The event reflected the government's emphasis on promoting interfaith harmony and social unity, values deeply embedded in Rajasthan's cultural fabric.

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- चुनाव आयोग को राहुल गांधी ने एक्सपोज किया, हरियाणा में वोट चोरी से बनी थी सरकार

# 'हरियाणा चुनाव में भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत रही'

FAIR REPORT
जयपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को पूरी तरह से एक्सपोज कर दिया है। इससे साफ है कि हरियाणा में चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत से सरकार बनी है। गहलोत बुधवार को ट्रॉमा सेंटर में हरमाड़ा हादसे के घायलों से मिलने गए थे। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में वोट चोरी को लेकर जो सवाल खड़े किए हैं, उससे साफ हो गया है कि हरियाणा चुनाव में भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत रही है। दुर्भाग्य है कि चुनाव आयोग में ऐसे लोग आकर बैठ जाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर विपक्ष का नेता आरोप लगाता है तो चुनाव आयोग को इसे गंभीरता से लेना चाहिए, लेकिन आयोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।

## हरमाड़ा हादसे के घायलों से मिले



## अभी तक नहीं दिया मुआवजा

गहलोत ने कहा कि हादसे के पीड़ितों को सरकार ने अभी तक मुआवजा नहीं दिया है, जबकि यह काम तुरंत होना चाहिए था। दो लाख रुपए प्रधानमंत्री फंड से दिए जाते हैं और 5 लाख रुपए पूर्ववर्ती सरकार के समय बनाई गई स्कीम के तहत दिए जाते हैं। किसी गरीब परिवार से दो व्यक्ति मर जाते हैं तो 10 लाख रुपए का मुआवजा मिलता है। मुख्यमंत्री को तुरंत इसकी घोषणा करनी चाहिए थी। फलोदी सड़क हादसा और जैसलमेर में बस में आग लगने से भी कई लोगों की मौत हो गई थी। तब लोग मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए थे, सरकार को दबाव में मुआवजे की घोषणा करनी पड़ी थी। गहलोत ने कहा कि मरने वालों में गुजरात और बिहार के लोग भी थे।सरकार को उनके लिए भी विशेष पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में 7 लोग भर्ती हैं, जिनमें से दो लोगों की हालत सीरियस बनी हुई है। उसके लिए भी सरकार को विशेष इंतजाम करने चाहिए। जरूरत पड़ने पर बाहर से भी डॉक्टर बुलाया जाना चाहिए।

## सड़क हादसों पर हाईकोर्ट का प्रसंज्ञान लेना सरकार के लिए शर्म की बात है

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर और जोधपुर में हुई सड़क दुर्घटनाओं पर जयपुर और जोधपुर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। यह सरकार के लिए शर्म की बात है कि ऐसी नौबत आई। गहलोत ने कहा कि सड़क हादसों को लेकर सरकार को एक स्पेशल कमेटी बनानी चाहिए। इसमें एक विभाग काम नहीं करता है, बल्कि पीडब्ल्यूडी, पुलिस और ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट भी शामिल होता है। जहां पर कमी है, उसे पूरा करना चाहिए, नहीं तो एक्सीडेंट होते चले जाएंगे और लोग ऐसे ही मारे जाते रहेंगे। सड़क हादसों से बचाव के लिए केंद्र सरकार में भी नियम बने हुए हैं। हमारे समय में भी रोड एक्सीडेंट होते थे, तो हम पूरी मॉनिटरिंग करते थे और प्रयास करते थे कि लोगों को तकलीफ नहीं हो, इलाज अच्छा हो और आगे से एक्सीडेंट की नौबत नहीं आए। गहलोत ने कहा कि अकेले राजस्थान में हर वर्ष 10 हजार लोगों की मौत रोड एक्सीडेंट में होती है, जबकि पूरे देश में एक लाख लोगों की मौत होती है।

## तीन डिग्री तक गिरेगा पारा, रात में सर्दी बढ़ेगी



FAIR REPORT
जयपुर


मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, उत्तर भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर बुधवार से खत्म होगा। इस सिस्टम के आगे निकलने के बाद उत्तर से बर्फीली हवा फिर से चलेगी। इससे मैदानी राज्यों के शहरों में तापमान गिरेगा। सुबह-शाम की सर्दी बढ़ सकती है। प्रदेश में गुरुवार देर शाम से उत्तरी हवा चलने की संभावना है। इससे अगले 24 से 48 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। राज्य के शेखावाटी अंचल के अलावा बीकानेर, भरतपुर, जयपुर संभाग के जिलों में रात में सर्दी बढ़ेगी। पिछले 24 घंटों के दौरान हनुमानगढ़, जयपुर, चूरू, गंगानगर, कोटा, करौली, बारां, अजमेर समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। हनुमानगढ़, चूरू जिलों में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। तूफानी बारिश के साथ हनुमानगढ़ के कुछ इलाकों में छोटे-छोटे ओले भी गिरे।

हादसों के बाद एक्शन: पखवाड़ा सड़क सुरक्षा अभियान चलेगा

# 6 लेन हाई-वे पर ड्राइविंग डिसिप्लिन करेंगे लागू

FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान में पिछले दिनों हुई भीषण सड़क हादसों के बाद भजनलाल सरकार एक्शन में है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी विभागों की बैठक लेकर 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान शुरू करने की कवायद शुरू की है। यह अभियान 18 नवंबर तक चलाया जाएगा। एसीएस (गृह) भास्कर ए. सावंत ने बताया कि सड़क हादसों और इनमें मौतों के आंकड़ों को कम करने, यातायात नियमों की पालना करवाने, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ाने और आपातकालीन सहायता प्रणाली को मजबूत करना इस अभियान का मकसद है। वहीं, प्रदेश के सभी सिक्स लेन हाईवे पर लेन ड्राइविंग डिसिप्लिन को लागू करवाया जाएगा। इस अभियान के तहत अलग-अलग विभागों की जिम्मेदारी भी तय की गई है।



### 45 साल से ज्यादा उम्र के चालकों की जांच

इस अभियान के तहत चिकित्सा विभाग 45 साल से अधिक उम्र में सभी वाहन चालकों की आंखों की जांच करेगा। इसके लिए एक महीने तक लगातार अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान किसी डॉक्टर ने गलत प्रमाण पत्र जारी किया और लाइसेंस रिन्यू किया तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। ट्रॉमा सेंटर और निकटवर्ती अस्पतालों की तत्परता से समीक्षा की जाएगी। सभी राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित एम्बुलेंस की उपलब्धता और संचालन का सत्यापन किया जाएगा।

### कलेक्टर-एसपी करेंगे अभियान की मॉनिटरिंग

जिला सड़क सुरक्षा समिति को भी जिम्मेदारी दी गई है। जिला कलेक्टर और एसपी सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से अभियान की निगरानी करेंगे। सभी विभागों के साथ संयुक्त निरीक्षण दल का गठन कर हर दिन समीक्षा की जाएगी। एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय युवाओं को भी सक्रिय रूप से अभियान से जोड़ा जाएगा। हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने और डिपर के उपयोग को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। नगरीय निकाय और स्थानीय निकाय विभाग की ओर से फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

### श्रम विभाग की भी तय की जिम्मेदारी

इस अभियान में श्रम विभाग की भी जिम्मेदारी तय की गई है। ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा चालकों से ज्यादा समय तक वाहन चलवाने की शिकायतों की जांच की जाएगी और ऐसा करते पाए जाने पर एक्शन लिया जाएगा। वाहन चालकों के काम के समय और विश्राम के समय की पालना को सुनिश्चित करवाने के लिए सघन निरीक्षण और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पुलिस महकमा इस अभियान की नोडल एजेंसी और फील्ड को-ऑर्डिनेटर है। शराब पीकर, तेज गति से और गलत दिशा में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिना रिफ्लेक्टर और बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर सख्ती होगी। हाईवे पर यातायात और थाना पुलिस की टीमें निगरानी रखेंगी।

अंता उपचुनाव


## भाया के समर्थन में निकाला रोड शो, कहा-भाजपा में भीतरी कलह



**जयपुर।** अंता उपचुनाव को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम एवं आईसीसी के महासचिव सचिन पायलट बुधवार को अंता पहुंचे और रोड शो निकालकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा कि भाजपा ने 2 साल में यहां कुछ नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में अंतर्कलह है, जो सबके सामने है। सीसवाली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा कि यहां का विकास कांग्रेस शासन में हुआ है। भाजपा ने 2 साल में कुछ नहीं किया। भाजपा पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में अंदरूनी कलह चल रहा है, वो सबके सामने है। कोई खुश है, तो कोई नाखुश। कोई रूठ रहा है, कोई आ नहीं रहा, तो किसी को बुलाया नहीं जा रहा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण है कि यहां से जो संदेश जाएगा, वो संदेश पूरा प्रदेश और देश जानना चाहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री बिहार गए थे, जहां उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखा हुआ है। इस देश का प्रधानमंत्री जिस भाषा का प्रयोग कांग्रेस के लिए कर रहे हैं, आप सोचो कि उस पार्टी के नेता सत्ता हासिल करने के लिए क्या-क्या नहीं कर सकते।

## मंत्री किरोड़ी से मिले अमायरा के पिता, रोते-कलपते सुनाई पीड़ा

FAIR REPORT
जयपुर



कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा से अमायरा के पिता और परिजन मिले। परिजनों को बच्ची की आत्महत्या के मामले में स्कूल प्रशासन पर शक है। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा, "परिजनों को शक है, और यह स्वाभाविक है कि बच्ची चौथी मंजिल पर चली जाए और ऐसा कदम उठा ले। इसके लिए मैं मुख्यमंत्रीजी से बात करूंगा। उनसे इस मुद्दे में कार्रवाई की मांग करूंगा। इस तरह के हादसे नहीं होने चाहिए। स्कूल ने सबूत छुपाने की कोशिश की ऐसा शक है। इसकी भी जांच होनी चाहिए।" बच्ची के परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल सीसीटीवी फुटेज भी नहीं साझा करना चाहता है। सीसीटीवी में 30 दिन की रिकॉर्डिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा, "हमारी बच्ची को ऐसा क्या बोला कि उसने ऐसा कदम उठाया। हमारी बच्ची तो केवल नोबल पढ़ती है। किताबें पढ़ती है। और कैसे बच्चे हैं। वहां पर जो गलत शब्द इस्तेमाल ले रहे थे।" बच्ची के मामा साहिल ने बताया कि बच्ची को स्कूल में और बच्चे बुली करते थे। क्लास में गलत शब्द बोलते थे। इसके लिए उसने हमसे शिकायत भी की थी। इसके बाद हाल ही में सितंबर में ही हमने स्कूल प्रबंधन से इसकी शिकायत की थी, लेकिन उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया।

## इंसाफ के लिए दिखाई एकजुटता, कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

FAIR REPORT
जयपुर




राजधानी के एक स्कूल में जान गंवाने वाली चौथी कक्षा की छात्रा अमायरा को इंसाफ दिलाने की मांग अब लगातार जोर पकड़ रही है। अमायरा को न्याय दिलाने के लिए संयुक्त अभिभावक संघ के आह्वान पर बुधवार शाम को स्कूल के बाहर कैंडल जलाकर प्रदर्शन किया गया। मानसरोवर एडवोकेट संघ ने भी अमायरा के लिए इंसाफ की लड़ाई में आवाज बुलंद की है। इस दौरान अभिभावकों ने अमायरा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और कैंडल जलाकर प्रदर्शन किया। वहीं, इस मामले को लेकर मानसरोवर थानाधिकारी लखन खटाना का कहना है कि जांच चल रही है। संयुक्त अभिभावक संघ के प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि अमायरा के साथ जो घटना घटी, उसमें अमायरा को श्रद्धांजलि और पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए यह आयोजन किया गया है। अभिभावक स्कूल के बाहर इकठ्ठा हुए और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आगे से किसी भी विद्यार्थी या परिवार के साथ ऐसी दुखद घटना नहीं हो। इसके लिए ठोस इंतजाम करने चाहिए। अभिभावक चुप रहे तो यह घटना किसी के भी साथ हो सकती है। उन्होंने सभी अभिभावकों से जागरूक और एकजुट रहने की अपील की है, ताकि बच्चों के साथ अनहोनी नहीं हो।

## छोटीसादड़ी क्षेत्र के 11 गांवों को मिला राजस्व ग्राम का दर्जा



### विधायक कृपलानी के प्रयासों से ग्रामीणों में खुशी की लहर

FAIR REPORT

**निम्बाहेड़ा।** पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा के विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर छोटीसादड़ी तहसील क्षेत्र के 11 गांवों को राज्य सरकार द्वारा राजस्व ग्राम के रूप में घोषित किए जाने पर क्षेत्र के ग्रामवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। जिन गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा मिला है, उनमें उम्मेदपुरा, हीरीवेरी, रामदेवजी, धोबियों का खेड़ा, धाकड़ों का संतोकपुरिया, चौकीखेड़ा, रैला, भोजपुर, प्यार जी खेड़ा, चित्रावली तथा मेघपुरा शामिल हैं।

इन गांवों को राजस्व ग्राम घोषित करने पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, भाजपा पूर्वी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, भाजपा पश्चिम ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष लोकेश कुमावत, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित क्षेत्रवासियों ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा का आभार व्यक्त किया है। साथ ही विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके निरंतर प्रयासों एवं जनहित के प्रति संवेदनशीलता की सराहना की है।

ग्रामवासियों ने कहा कि अब इन गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर मिलेगा तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

विधायक कृपलानी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव-गांव तक सुशासन और विकास पहुंचाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि छोटे-छोटे गांवों को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने से क्षेत्र की प्रशासनिक और सामाजिक व्यवस्थाओं में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

शिक्षामंत्री मदन दिलावर बोले: कांग्रेस सरकार में उगाए गए विलायती बबूल जड़ से खत्म करेंगे


# 312 स्कूल होंगे मर्ज, मदरसों में भी गाएंगे 'वंदे मातरम्'

FAIR REPORT
जयपुर

भजनलाल सरकार एक बार फिर कम नामांकन वाले 312 सरकारी स्कूलों को मर्ज करने जा रही है। इसके साथ कांग्रेस सरकार के उगाए गए बबूल के पेड़ों को भी जड़ से नष्ट करेगी। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि जिन स्कूलों में 25 से कम छात्रों की संख्या है, उन 312 स्कूलों को मर्ज किए जाएगा। इसके साथ उन स्कूलों की बिल्डिंग को जिला कलेक्टर को सुपुर्द किया जाएगा।

दिलावर ने कहा कि लम्बे समय से अटकी प्रमोशन की प्रक्रिया को हल करते हुए 22 महीने में 50,000 कर्मचारियों का प्रमोशन किया गया। जल्द कानूनी प्रक्रिया को पूरा करते हुए 21 हजार पदों पर भर्ती, पदोन्नति की जाएगी।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा-7 नवंबर को 'वंदे मातरम्' के 150 साल पूरे होंगे। इस मौके पर राजस्थान सरकार ने पूरे साल देशभक्ति वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी की है। राजस्थान के सभी सरकारी ऑफिस, स्कूल-कॉलेज सहित मदरसों में रोजाना राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' गाया जाएगा। यह नियम उन सभी संस्थानों में लागू होगा, जो राज्य सरकार के अधीन हैं। चाहे वे स्कूल हों, कॉलेज हों या मदरसे। वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, यह भारत की आत्मा है। यह हर नागरिक के हृदय में देश प्रेम की भावना जगाता है। दिलावर ने कहा कि 7 नवंबर को सुबह 10:15 पर पूरे देश में गाया जाएगा। राजस्थान में सभी जिलों और स्कूलों में कार्यक्रम होंगे। इसके बाद 26 नवंबर संविधान दिवस तक लगातार हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम के जरिए 'वंदे मातरम्' का गान होगा। दिलावर ने कहा कि राजस्थान सरकार के शिक्षा, संस्कृत और पंचायत राज विभाग में 26 नवंबर के बाद भी राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से ऑफिस की शुरुआत और समापन होगा।



### छात्र संख्या 25 से कम तो पास के स्कूल में समायोजित

दिलावर ने कहा कि 155 सीनियर सेकेंडरी विद्यालयों (1 से 12 कक्षा) में 25 से कम विद्यार्थी हैं, उन्हें उनके पास के विद्यालय में मर्ज किया जाएगा। इसी तरह से पास के प्रारंभिक स्कूल जहां नामांकन शून्य है और जहां 0 से 5 विद्यार्थियों की संख्या है, ऐसे 157 विद्यालय को भी पास के स्कूल में मर्ज किए जाएंगे। ये सभी कुल 312 स्कूल अगले 2026 के सत्र में मर्ज हो जाएंगे। इसके साथ ही इन स्कूलों की इमारतों को कलेक्टर को सुपुर्द कर दिया जाएगा, ताकि अन्य राजकीय कार्यों में उनका उपयोग हो सके। दिलावर ने कहा कि सुनने में आता है कहीं बच्चे कम और अध्यापक ज्यादा हैं, तो कहीं अध्यापक कम और बच्चे ज्यादा। अब प्रदेश में स्टाफिंग पैटर्न लागू होगा।

### टीम जांच कर रही है, दो दिन में लेगी निर्णय

मंत्री दिलावर ने कहा कि कांग्रेस राज में बोए गए विलायती बबूलों को भी समूल नष्ट किया जाएगा। इस पेड़ के बीज कांग्रेस सरकार में गिराए गए थे। इसकी वजह से प्रदेश में बड़ी संख्या में बाबुल के पेड़ फैल गए, लेकिन यह बबूल स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है और जल स्तर के लिए भी। बबूल की वजह से प्रदूषण होता। एक निजी स्कूल को लेकर शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि टीम जांच कर रही है, सकारात्मक निर्णय लेंगे। हमारी जांच टीम 2 दिन में निर्णय ले लेगी।

## ब्रीफ खबरें

### पहिया निकलने पर तीन बार पलटी पिकअप, 25 हुए घायल



**धौलपुर।** राजस्थान में हर दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। हाल ही में जयपुर और जोधपुर में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। अब धौलपुर जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जिले में बाड़ी शहर से गुजर रहे एनएच 11 बी स्थिति बॉबी ढाबे के नजदीक 30 लोगों से भरी पिकअप गाड़ी पहिया निकलने की बजह से तीन बार पलटी खाकर पलट गई। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए। घायलों में से करीब आधा दर्जन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर के किरी मोहल्ला निवासी भूरी सिंह कुशवाहा और उसके परिवार के लोग 2 नवंबर को हुई बेटी की शादी के बाद विदाई कराने पिकअप गाड़ी में सवार होकर उसकी ससुराल जा रहे था। पिकअप गाड़ी में पुरुष और बच्चे समेत करीब 30 लोग बैठे हुए थे। बाड़ी शहर के बाईपास पर तेज रफ्तार में पिकअप गाड़ी का पहिया निकालने की वजह से खाई में तीन पलटी खाकर हाईवे किनारे पलट गई। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोग दुर्घटना को देख मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने पुलिस को सूचित कर घायलों को बाहर निकाला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को बाड़ी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जर्मनी से लौटी महिला डॉक्टर का घर में मिला क्षत-विक्षत शव



**बीकानेर।** बीकानेर के करणी नगर इलाके में बुधवार दोपहर एक ऐसी घटना घटी जो पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। होटल करणी भवन पैलेस के पास बने विला भोजवानी से तेज बदबू आने लगी। पड़ोसियों को शक हुआ कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने फौरन पुलिस को खबर की। पहुंची टीम ने देखा तो मकान अंदर से ठीक बंद पड़ा था। गेट तोड़कर अंदर झांका तो डॉक्टर मोनिका भोजवानी का शव पड़ा मिला। यह खबर सुनते ही इलाके में हड़कंप मच गया। भोजवानी जर्मनी से लौटी हुईं एक सफल डॉक्टर थीं। लेकिन पिछले तीन साल से वह इसी विला में अकेले रह रही थीं। पड़ोसियों के अनुसार वह बाहर कम ही निकलतीं थी, कई दिनों से तो दरवाजा भी नहीं खुला था। कोई फोन भी नहीं आया था। यही वजह रही कि बदबू फैलने पर किसी ने ध्यान दिया। मोनिका का परिवार जर्मनी में बसा है। उनके भाई डॉ. संजय भोजवानी को खबर पहुंचा दी गई है। वह गुरुवार तक बीकानेर आ जाएंगे। सूचना पर सीओ सदर अनुष्का कालिया बीछवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचीं।

### केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री व जल संसाधन मंत्री की उपस्थिति में पुष्कर मेले का भव्य समापन

**जयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय श्री पुष्कर मेला-2025 का समापन बुधवार को पूरी भव्यता के साथ हुआ। समापन समारोह में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री श्री भागीरथ चौधरी एवं जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। भागीरथ चौधरी ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक पहचान है। ये हमारी संस्कृतिक के प्रतीक है। भारत विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। सनातन काल से भरने वाला पुष्कर मेला इसका प्रमाण है। मेले इस संस्कृति को अक्षुण रखने में मेले महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। मेलों से राष्ट्रीयता, अपनत्व एवं भ्रातत्व में वृद्धि होती है। मेले संस्कृति के अविरल प्रवाह को बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि पुष्कर के इस धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटक महोत्सव के दौरान सुंदर आयोजन किए गए। इन आयोजनों में कई प्रतियोगिताएं भी हुई। इन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को निरन्तर आगे बढ़ने के प्रेरणा लेनी चाहिए। जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि तीर्थराज पुष्कर का पूरे विश्व में विशिष्ट महत्व है। जगतपित ब्रह्मा की नगरी पुष्कर करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में सरकार पुष्कर के विकास के लिए पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। पुष्कर विकास की बड़ी रूपरेखा तैयार कर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से हर साल मेले को पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए है। देश के प्रत्येक व्यक्ति की भावना पुष्कर से जुड़ी हुई है। मेले और पुष्कर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पुष्कर मेले को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इस बार मेला पूरी तरह सफल रहा है। जगतपिता ब्रह्मा की नगरी तीर्थराज पुष्कर का भव्य विकास किया जाएगा।

### शराब के नशे में ड्राइवर चला रहा था रोडवेज बस, गिरेगी गाज




**बूंदी।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद पुलिस ने हाइवे पर नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इसी दौरान बुधवार देर शाम केशवराय पाटन थाना पुलिस ने रोडवेज बस को रोका। चालक शराब के नशे में धुत होकर बस चला रहा था। बस में सवार 58 से ज्यादा यात्रियों की जान खतरे में थी, लेकिन समय रहते पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास एएसआई हरिशंकर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान कोटा से केशवराय पाटन की ओर तेज रफ्तार में लहराती हुई एक रोडवेज बस आई। पुलिसकर्मियों ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो चालक बस को रोकने के बजाय आगे बढ़ा ले गया। शक गहराने पर पुलिस टीम ने पीछा किया और कुछ दूरी पर बस को घेरकर रुकवाया। जब चालक की जांच की गई, तो वह पूरी तरह नशे में धुत मिला। इस दौरान पुलिस ने तत्काल मेडिकल जांच करवाई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई।

---

**कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव :** दीपमाला से हुई महाआरती, हर घाट पर श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

# कपिल सरोवर में लाखों ने लगाई आस्था की डुबकी

**FAIR REPORT**
**बीकानेर**

देशभर से आए साधु-संतों और लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रीकोलायत के कपिल सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। बीकानेर के साथ ही पंजाब और हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग पांच दिवसीय मेले के दौरान कपिल सरोवर में डुबकी लगाने और कपिल मुनि के दर्शन करने के लिए श्रीकोलायत आए। कार्तिक पूर्णिमा के संध्या काल में कपिल सरोवर में हजारों दीपकों के साथ महाआरती की गई। इस दौरान सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया।

इस मेले का इतिहास कपिल मुनि से जुड़ा है। उन्हें सांख्य दर्शन का प्रणेता कहा जाता है। उन्होंने अपनी माता को सांख्य दर्शन का परिचय कराया था। मंदिर के पुजारी बनवारी लाल ने बताया कि कपिल मुनि को भगवान विष्णु का पांचवा अवतार माना गया है। मान्यता है कि श्रीकोलायत में बिंदु सरोवर समुद्र हुआ करता था। त्रेता युग में जब भगवान राम ने अग्निबाण छोड़ा, तो पूरी धरती सूख गई थी। कपिल सरोवर जितना क्षेत्र ही केवल पानी में रहा और यहां कदम ऋषि का आश्रम हुआ करता था। जो कपिल मुनि के पिता थे। इसलिए इस मंदिर का महत्व काफी है।



### सरोवर में स्नान का महत्व

मकर संक्रांति पर हरिद्वार में गंगा में स्नान और कार्तिक पूर्णिमा के दिन कपिल सरोवर में स्नान का महत्व शास्त्र में बताया गया है। सिख धर्म के अनुयायियों के लिए भी कोलायत का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि गुरु नानक देव जी भी एक बार यात्रा के दौरान यहां आए थे। इसको लेकर यहां गुरुद्वारा साहिब में लाखों की संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने के लिए आते हैं। इस बार स्थानीय विधायक अंशुमान सिंह भाटी के प्रयासों के चलते मेले में सांस्कृतिक संध्या लगातार तीन दिन तक आयोजित की गई। इस बार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और खास तौर से महिलाओं की सुरक्षा और निजता के लिहाज से भी काफी प्रबंध किए गए। ताकि उन्हें स्नान करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। अंशुमान सिंह भाटी का कहना है कि इस बार बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि हम केवल सरकारी बजट के भरोसे नहीं रहे।

---

**गुर्जर आरक्षण :** बैठक में सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया

# अब आर-पार की लड़ाई, 30 दिन का अल्टीमेटम

**FAIR REPORT**
**दौसा**

